वेलनेस फ्रैंचाइजी के नाम पर 1.20 करोड़ की ठगी

- क्राइम ब्रांच ने गिरोह पकड़ा
- दिल्ली से दो डायरेक्टर गिरफ्तार, फरार डॉक्टरों की तलाश तेज

नव भारत न्यूज

इंदौर. वेलनेस सेंटर की फ्रैंचाइजी दिलाने के नाम पर 1.20 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का क्राइम ब्रांच ने पर्दाफाश किया है. मामले में कार्रवाई करते हुए टीम ने नई दिल्ली से कंपनी के दो डायरेक्टर को गिरफ्तार किया है, जबकि दो डॉक्टर अब भी फरार हैं.

डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि 26 मई को रितु मेहता ने शिकायत दर्ज कराई थी कि नई दिल्ली की कंपनी डॉ. हरोर्स एस्थेटिक प्राइवेट लिमिटेड के संचालकों ने वेलनेस सेंटर की फ्रैंचाइजी देने के नाम पर उनसे 1.20 करोड़ रुपए की ठगी की. मामले की गंभीरता को देखते हुए क्राइम ब्रांच ने विशेष टीम गठित कर आरोपियों की तलाश में दिल्ली रवाना किया. तकनीकी जानकारी और मुखबिर तंत्र के आधार पर आरोपियों के ठिकानों पर दबिश दी गई. कार्रवाई के दौरान पुलिस ने कंपनी से जुड़े दो मुख्य आरोपी डायरेक्टरों को गिरफ्तार किया. पकड़े गए आरोपियों में देबदुलाल बनर्जी उम्र 48 साल निवासी सुपरटेक केपटाउन, सेक्टर-74 नोएडा और राहुल सावेल उम्र 39 साल निवासी नवादा, उत्तम नगर, नई दिल्ली शामिल हैं.

दो डॉक्टरों की तलाश जारी

पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी फर्जी कंपनी बनाकर देशभर में फ्रैंचाइजी देने के नाम पर लोगों को झांसे में लेकर मोटी रकम ऐंठते थे. गिरोह में शामिल दो डॉक्टरों की तलाश अब भी जारी है. डीसीपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से गिरोह के अन्य सदस्यों और फरार आरोपियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है. जल्द ही पूरे नेटवर्क का खुलासा होने की संभावना है.

पेंटर ने लगाई फांसी

इंदौर. लसुड़िया थाना क्षेत्र के सिंगापुर टाउनशिप में रहने वाले 23 वर्षीय युवक ने सूने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है. मृतक का नाम सुजीत पिता लालाराम राजोरिया बताया गया है, जो पेशे से पेंटर था. घटना के समय उसकी पत्नी मायके गई हुई थी, जबकि मां किसी काम से घर से बाहर थी. बताया गया कि जब मां वापस घर लौटी तो सुजीत को कमरे में फंदे पर लटका देखा. घटना की सूचना मिलते ही लसुड़िया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया. थाना प्रभारी राजकुमार यादव ने बताया कि फिलहाल आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं. पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और हर पहलू से जांच की जा रही है.

सांवेर रोड डॉग अटैक : हमलावर कुत्ता अब भी पकड़ से बाहर

- 40 से ज्यादा घायलों का इलाज अस्पतालों में जारी
- नगर निगम टीम ने 25 आवारा कुत्ते पकड़े, दहशत में लोग

नव भारत न्यूज

इंदौर. सांवेर रोड इलाके में शुक्रवार को कुत्ते के हमले के बाद दूसरे दिन शनिवार को भी दहशत का माहौल बना रहा. हालांकि, नगर निगम की टीमों ने कार्रवाई करते हुए 25 कुत्तों को पकड़ा है, लेकिन हमला करने वाला कुत्ता अब भी पकड़ में नहीं आया है. वहीं, घटना में घायल 40 से अधिक लोगों का इलाज जारी है.

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह अरबिंदो अस्पताल के पिछले हिस्से से एक कुत्ता परिसर में घुसा था और स्टॉफ पर हमला करने के बाद आसपास के इलाकों में पहुंचकर लोगों को काटता गया. हमले में डॉक्टर, नर्स, मेडिकल स्टूडेंट्स, मरीज, सिक्योरिटी गार्ड और राहगीर सहित 40 से ज्यादा लोग घायल हुए थे. जिनमें 16 से अधिक लोग अस्पताल से जुड़े हैं. घटना के बाद शनिवार को नगर निगम की दो टीमें अरबिंदो अस्पताल और आसपास के क्षेत्रों में पहुंचीं. टीमों ने घेराबंदी कर 25 कुत्तों को पकड़ा, लेकिन हमलावर कुत्ता हाथ नहीं लग सका.

कुत्ता पकड़ में नहीं आने से दहशत में हैं लोग

कुत्ता पकड़ में नहीं आने से रेवती रेंज, बरदरी गांव, एलएनसीटी कॉलेज, रेनेसा कॉलेज, नरसिंह मुंजी कॉलेज और आसपास के इलाकों में लोगों में दहशत बनी हुई है. लोग अब अकेले निकलने से बच रहे हैं. वहीं अभिभावकों ने बच्चों को बाहर भेजने में सावधानी बरतना शुरू कर दिया है. उधर, घायलों का अरबिंदो अस्पताल सहित अन्य अस्पतालों में इलाज जारी है. नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग की टीमें क्षेत्र में लगातार निगरानी कर रही हैं, जबकि हमलावर कुत्ते की तलाश जारी है.

एक नजर में

सद्भावना सभा एवं डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट की आधिकारिक यात्रा

महू. लीनेस क्लब महू चांदनी मेन के तत्वावधान में नारी शक्ति स्वाभिमान आत्म सुरक्षा नारी नवचेतना थीम पर स्वाति शर्मा की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया. सचिव प्रतिवेदन अंजली नीरज शर्मा ने प्रस्तुत किया. आय व्यय विवरण कोषाध्यक्ष निर्मला खंडेलवाल ने पेश किया. इस अवसर पर क्लब द्वारा डिस्ट्रिक्ट के सप्त सोपान में 6 को पूर्ण किया गया पौधा वितरण, अन्न दान, नेत्र दान, अंग दान, पर्यावरण जागरूकता पर स्लोगन का विमोचन किया गया. डिस्ट्रिक्ट के प्रोजेक्ट पक्षियों के लिए दाना पानी, स्वास्थ्य जागरूकता पर आहार एवं पोषण विशेषज्ञ शीतल अनीस ने जागरूक किया. समाजसेवी सुनीता मेहता, डायरेक्टर अंतिम बाला वर्मा, आरती शर्मा, दीपा पाठक, रेनू शुक्ला, वंदना जायसवाल, किरण शुक्ला, डॉ. संजय श्रीवास्तव, गिरीश कोठारी, मनीष श्रीवास्तव, ब्रजेश अमोनिया, बाबू लाल सैन, धर्मेंद्र शर्मा, आशा परमार, सुधा दुबे सहित क्लब के सदस्य उपस्थिति थे. मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में महू चांदनी मेन के कार्यों की रचनात्मक गतिविधियों की भरपूर प्रशंसा की. अतिथियों एकता तारा सोनी, रीना सैनी, अनीता ठाकुर, राखी शर्मा का स्वागत चंदा नीम एवं हेमलता अग्रवाल ने किया. आभार संयोजिका शोभा व्यास ने माना.

महू में आज लगेगा विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

महू. डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर मेमोरियल सोसायटी भीम जन्मभूमि स्मारक महू, एलएनसीटी मेडिकल कॉलेज एवं सेवाकुंज अस्पताल इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार (7 जून) को डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर स्मारक परिसर में सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरआयोजित किया जाएगा. इस संबंध में डॉ. बीआर अंबेडकर सामाजिक विश्वविद्यालय के मीटिंग हॉल में आयोजित बैठक में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अमित सोनी ने कार्यकर्ताओं को बताया कि उपचार के लिए आयुष्मान कार्ड की आवश्यकता नहीं होगी. शिविर में मरीजों के विभिन्न प्रकार के ऑपरेशन, एमआरआई, सोनोग्राफी सहित अन्य आवश्यक जांचें नि:शुल्क की जाएंगी. इसके अलावा मरीजों के आवागमन की व्यवस्था भी नि:शुल्क रहेगी. उन्होंने बताया कि विभिन्न रोगों के उपचार के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम शिविर में मौजूद रहेगी. शिविर के संयोजक राजेश वानखेड़े ने कार्यकर्ताओं से अपने-अपने गांवों एवं क्षेत्रों से अधिक से अधिक मरीजों को शिविर तक पहुंचाने का आह्वान किया. बैठक में डॉ. नितीश राठौर ने ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों के परिवहन एवं अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा कर उन्हें अंतिम रूप दिया तथा कार्यकर्ताओं को उनकी जिम्मेदारियां सौंपीं. बैठक में समिति के सदस्य, आशा कार्यकर्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

जाम-अतिक्रमण को लेकर 35 सामाजिक संस्थाओं ने सौंपा ज्ञापन

महू. शहर की सड़कों पर बढ़ते अतिक्रमण, अव्यवस्थित ठेलों और बिगड़ी यातायात व्यवस्था को लेकर महू की 35 सामाजिक संस्थाओं ने विधायक को ज्ञापन सौंपा. संस्थाओं ने चेतावनी दी कि एक माह में मांगें पूरी न होने पर चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा. ज्ञापन में जाम का मुख्य कारण संकरी सड़कों पर चार पहिया वाहनों का प्रवेश, दुकानों के बाहर सामान, पार्किंग की कमी और ठेले-वैन द्वारा स्थायी कब्जा बताया. संस्थाओं ने मांग की कि हरी फाटक, सांघी स्ट्रीट, आर्फियम चौराहा, ड्रीमलैंड, मस्जिद चौराहा और रेडक्रॉस से मालवा हॉस्पिटल तक बाजार मार्गों पर निश्चित समय तक चार पहिया व बसों पर रोक लगे. हाईस्कूल मैदान, कैंटोनमेंट गार्डन, गेरेसिंग ग्राउंड पर व्यवस्थित पेड पार्किंग बने. सामान उतारने के लिए ट्रांसपोर्ट वाहन का समय तय हो. प्रताप बाल मंदिर, चौपाटी, सब्जी मंडी, ड्रीमलैंड पर अवैध कब्जे हटें. केला माता चौराहा से मार्केट चौक तक ठेले प्राइमरी स्कूल के सामने सब्जी मंडी में शिफ्ट किए जाएं. दुकानों के बाहर सामान रखने पर भारी चालान हो. शहर में ट्रैफिक पुलिस की संख्या बढ़ाकर व्यस्त चौराहों पर तैनाती हो. संस्थाओं ने नगर सुरक्षा समिति की तर्ज पर गैर-राजनीतिक यातायात कमेटी बनाने का सुझाव भी दिया.

केश शिल्पी प्रकोष्ठ में सेन जिला अध्यक्ष नियुक्त

इंदौर. म प्र कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार प्रभारी महासचिव डॉ संजय कामले की सहमति से मप्र कांग्रेस केश शिल्पी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामबाबू श्रीवास द्वारा मप्र कांग्रेस केश शिल्पी प्रकोष्ठ इंदौर जिला अध्यक्ष हेतु सचिन सेन की नियुक्ति की गई. इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े, शहर अध्यक्ष चिंटू चौकसे, ब्लॉक अध्यक्ष शैलू सेन, पूर्व शहर कांग्रेस महामंत्री जीतू दीवान की अनुशंसा पर नियुक्ति की गई है.

पारिवारिक विवाद में भाई ने ही मारा था चाकू

- युवक की हत्या का खुलासा... परिवार के लोगों ने मृतक की पत्नी को फंसाने की रची थी साजिश
- पांच आरोपी गिरफ्तार

नव भारत न्यूज

इंदौर. द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में युवक की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है. मामले में मृतक का भाई ही हत्यारा निकला. परिवार के सदस्यों ने मिलकर मृतक की पत्नी को झूठे मामले में फंसाने की साजिश रची थी. पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.

घटना 4 जून 2026 को सूर्यदेव नगर नाथ मोहल्ला की है, जहां हरीश पिता नरेन्द्र शितोले को चाकू लगने से गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया था, जहां अत्यधिक रक्तस्राव से उसकी मौत हो गई. शुरुआत में मृतक की मां और कुछ महिलाओं ने पत्नी शीतल पर हमला करने का आरोप लगाया, लेकिन जांच में यह तथ्य सामने आया कि घटना के समय शीतल थाने में मौजूद थी. इसके बाद परिजनों ने बयान बदलकर आत्महत्या की बात कही. जांच में सामने आया कि हरीश के घर में पत्नी के चरित्र को लेकर विवाद हुआ था. इस दौरान भाई प्रद्युम्न और पिता नरेन्द्र ने शीतल को घर से बाहर निकाल दिया. शीतल ने पति को सूचना दी, जिस पर हरीश घर पहुंचा और विरोध करने लगा. विवाद के दौरान प्रद्युम्न ने चाकू से हरीश की जांघ पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया.

अस्पताल में डॉक्टरों को भी दी भ्रामक जानकारी

घटना के बाद आरोपी उसे अस्पताल ले गए और डॉक्टरों को भ्रामक जानकारी देते हुए गिरने की बात कही, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. मृत्यु के बाद आरोपियों ने साक्ष्य मिटाने और पत्नी को फंसाने की साजिश रची. सभी ने पुलिस को गुमराह करने के लिए अलग-अलग बयान दिए. वैज्ञानिक और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने सच्चाई उजागर करते हुए हत्या, साक्ष्य नष्ट करने और आपराधिक षड्यंत्र के तहत प्रकरण दर्ज कर प्रद्युम्न सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है.

शादीशुदा प्रेमी की प्रताड़ना से तंग आकर युवती ने किया सुसाइड

नव भारत न्यूज

इंदौर. खजराना थाना क्षेत्र में 23 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना स्थल से पुलिस को सुसाइड नोट मिला है, जिसमें युवती ने अपने प्रेमी को मौत का जिम्मेदार ठहराया है. परिजनों ने आरोप लगाया है कि युवक शादीशुदा होने के बावजूद युवती को लगातार फोन कर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था. खजराना थाना प्रभारी मनोज सेंधव ने बताया कि मामला शिव बाग क्षेत्र का है, जहां नेहा पिता फूलसिंह ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी. घटना के बाद परिजन उसे तत्काल अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. परिजनों ने बताया कि नेहा का मानसिंह नामक युवक से लंबे समय से प्रेम संबंध था. युवती उसके साथ भविष्य के सपने देख रही थी, लेकिन कुछ समय पहले उसे पता चला कि मानसिंह पहले से शादीशुदा है. इस खुलासे के बाद नेहा ने उससे दूरी बना ली थी.

आरोप है कि दूरी बनाने के बाद मानसिंह लगातार फोन कर नेहा पर दोबारा संबंध रखने का दबाव बना रहा था. उसकी लगातार प्रताड़ना से नेहा मानसिक तनाव में आ गई थी. जांच के दौरान पुलिस को मिला सुसाइड नोट मामले का अहम सबूत माना जा रहा है. नोट में नेहा ने लिखा है, आई हेट यू मानसिंह, तुम्हें तुम्हारे कर्मों की सजा जरूर मिलेगी. इससे स्पष्ट है कि वह युवक के व्यवहार से बेहद परेशान थी. फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मर्ग कायम कर लिया है और पूरे मामले की जांच जारी है.

1.327 किलो गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

- भंवरकुआं पुलिस की कार्रवाई

इंदौर. शहर में अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत भंवरकुआ पुलिस ने 1 किलो 327 ग्राम गांजा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. जब्त गांजे की कीमत करीब 40 हजार रुपए बताई जा रही है.

थाना प्रभारी संतोष दूधी ने बताया कि पुलिस आयुक्त संतोष सिंह के निर्देश पर जोन-4 डीसीपी सुनील मेहता के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त मीना चौहान और एसीपी विजय चौधरी के निर्देशन में विशेष टीम गठित कर हॉटस्पॉट क्षेत्रों में चेकिंग शुरू की गई. देर रात पुलिस टीम आईटी पार्क चौराहे से राजीव गांधी चौराहे की ओर गश्त कर रही थी. इसी दौरान आईटी पार्क के पास निर्माणाधीन ब्रिज के नजदीक एक संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भागने लगा. टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया. उसने अपना नाम देवराज चौहान उम्र 27 साल निवासी बयडीपुरा बायपास, थाना बाग जिला धार हाल मुकाम एलआईजी चौराहा इंदौर बताया. तलाशी लेने पर युवक के पास से 1 किलो 327 ग्राम गांजा मिला. जब्त गांजे की कीमत करीब 40 हजार रुपए आंकी गई है.

अलीराजपुर से लौटे ड्राइवर की खून की उल्टी के बाद मौत

नव भारत न्यूज

इंदौर. भंवरकुआं थाना क्षेत्र के जीत नगर में रहने वाले एक निजी कंपनी के ड्राइवर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. अलीराजपुर से लौटने के बाद उसकी तबीयत अचानक बिगड़ी और खून की उल्टी होने लगी, जिसके बाद अस्पताल में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया.

मृतक का नाम दिनेश पिता कन्हैयालाल उम्र 45 साल बताया गया है, जो लोजिटेक कंपनी में ड्राइवर था. बताया जा रहा है कि वह एक दिन पहले ही गाड़ी लेकर अलीराजपुर से इंदौर लौटा था. घर पहुंचने के कुछ समय बाद ही दिनेश की तबीयत बिगड़ गई और उसे खून की उल्टी होने लगी. परिजन तत्काल उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई. थाना प्रभारी संतोष दूधी के अनुसार, फिलहाल मौत के कारण स्पष्ट नहीं हैं, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही वास्तविक कारण सामने आ सकेगा, पुलि

12 बोर के देशी कट्टे के साथ आरोपी गिरफ्तार

इंदौर. किशनगंज पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को 12 बोर के देशी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया है. पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है. थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने देर रात विश्वास नगर पुलिया के पास एबी रोड पर चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को रोका. तलाशी लेने पर उसके पास से 12 बोर का देशी कट्टा बरामद हुआ. गिरफ्तार आरोपी ने अपना नाम जितेंद्र पिता शोभाराम भंवर उम्र 26 साल निवासी ग्राम अम्बापुरा थाना गंधवानी जिला धार हाल मुकाम बगदुन बताया है. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है.

तीन क्षेत्रों में घर और गोदाम पर चोरों का धावा, लाखों का माल उड़ाया

- लसूड़िया, बाणगंगा और बेटमा थाना क्षेत्रों में हुई वारदात

इंदौर. शहर और आसपास के क्षेत्रों में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रहीं. लसूड़िया, बाणगंगा और बेटमा थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर अज्ञात बदमाशों ने गोदाम और मकानों को निशाना बनाकर लाखों का सामान पार कर दिया.

लसूड़िया थाना क्षेत्र में सुबह देवास नाका स्थित एसडीए-1 कंपाउंड में एक गोदाम का शटर तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया. फरियादी सुभाष डम्बलकर जब मौके पर पहुंचे तो शटर खुला मिला. अंदर जांच करने पर 40 किलो चाय से भरा बैग और ल्यूमिनस कंपनी की बैटरी गायब मिली. इसी तरह बाणगंगा थाना क्षेत्र में मगरखेड़ा रोड स्थित पारस पार्क में बदमाशों ने सूने मकान को निशाना बनाया. अज्ञात आरोपी ने घर और अलमारी का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवर, बच्चों के आभूषण, गुल्लक और 32 हजार रुपए नगद समेत अन्य सामान चोरी कर लिया. साथ ही कार और बाइक की चाबी भी ले गया. वहीं बेटमा थाना क्षेत्र के ग्राम धन्नड़ में भी दिनदहाड़े चोरी की घटना सामने आई. यहां अज्ञात बदमाश ने घर का ताला तोड़कर 2 जोड़ी चांदी की पायजेब और 3 गैस सिलेंडर चोरी कर लिए.

घर में बैठे सॉफ्टवेयर इंजीनियर की हार्ट अटैक से मौत

इंदौर. तेजाजी नगर थाना क्षेत्र की सिल्वर स्प्रिंग कॉलोनी में रहने वाले 42 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई. प्राथमिक तौर पर मामला साइलेंट हार्ट अटैक का सामने आया है. मृतक की पहचान विवेक पिता विजय कुमार के रूप में हुई है. वह घर पर बैठे हुए थे, तभी अचानक उनके सीने में तेज दर्द उठा और हालत बिगड़ गई. परिजन तत्काल उन्हें नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया. डॉक्टरों के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में मौत का कारण साइलेंट हार्ट अटैक माना जा रहा है. सूचना मिलने पर तेजाजी नगर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की. थाना प्रभारी देवेन्द्र मरकाम ने बताया कि मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.

एक नजर में

हॉटस्पॉट व शैडो एरिया में सघन सर्विलांस से संदिग्धों की चेकिंग तेज

मैरियट-रेडिसन कॉरिडोर पर पुलिस रख रही ड्रोन से नजर

नव भारत न्यूज

इंदौर. पुलिस ने कानून व्यवस्था मजबूत करने के लिए विजयनगर क्षेत्र में ड्रोन सर्विलांस अभियान चलाते हुए मैरियट-रेडिसन कॉरिडोर समेत कई संवेदनशील इलाकों में कड़ी निगरानी शुरू की है.



डीसीपी जोन 2 अमन सिंह राठौड़ ने बताया कि इन दिनों विशेष अभियान चलाया जा रहा है, इसके तहत विजयनगर थाना क्षेत्र के भीड़भाड़ वाले और संवेदनशील इलाकों को चिन्हित कर ड्रोन के माध्यम से निगरानी की जा रही है. पुलिस की ड्रोन यूनिट टीम ने मैरियट होटल, रेडिसन होटल, सर्विस रोड, मालवी नगर सहित अन्य हॉटस्पॉट और शैडो एरिया में अत्याधुनिक कैमरों से नजर रखी. इस दौरान संदिग्ध गतिविधियों, असामाजिक तत्वों की मौजूदगी, यातायात व्यवस्था और सार्वजनिक स्थलों की सुरक्षा का बारीकी से अवलोकन किया.

ड्रोन से मिले इनपुट के आधार पर थाना विजयनगर पुलिस, बीट स्टाफ और एफआरवी टीमों ने क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया. संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच की गई,

उपचार में नई क्रांति: उम्मीद की एक नई किरण Advertorial

डॉ. भरत भोसले
वरिष्ठ मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट

कुछ समय पहले तक, कैंसर का नाम सुनते ही मन में डर बैठ जाता था। यह डर केवल बीमारी का ही नहीं, बल्कि उसके इलाज का भी होता था। मरीजों को लगता था कि इलाज बहुत जटिल होगा तेज़ दवाओं के दुष्प्रभाव, लंबे समय तक अस्पताल में रहना, और शारीरिक-मानसिक तकलीफें। लेकिन तस्वीर बदल चुकी है। अपने रोज़मर्रा के अनुभव में मैं एक नई उम्मीद देखता हूँ बेहतर इलाज, अच्छे परिणाम, और ऐसी उपचार पद्धतियाँ जिन्हें मरीज आसानी से सहन कर पा रहे हैं।

कैंसर के इलाज में पिछले कुछ वर्षों में बहुत बड़ा बदलाव आया है। सर्जरी, कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी आज महत्वपूर्ण हैं, लेकिन अब हमारे पास और भी समझदारी भरे और सटीक इलाज उपलब्ध हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण है इम्यूनोथेरेपी। यह इलाज सीधे कैंसर पर हमला नहीं करता, बल्कि शरीर की अपनी रोग-प्रतिरोधक क्षमता (इम्यून सिस्टम) को मजबूत बनाकर कैंसर से लड़ने में मदद करता है। मैंने ऐसे कई देखे हैं जिनका कैंसर काफी बढ़ चुका था, लेकिन इस इलाज से उन्हें अच्छा फायदा हुआ। खास बात यह है कि इसके दुष्प्रभाव पारंपरिक कीमोथेरेपी की तुलना में कम होते हैं, जिससे मरीज अपनी सामान्य जिंदगी जारी रख पाते हैं।

दूसरा बड़ा कदम है टारगेटेड थेरेपी। अब हम समझ हैं कि हर कैंसर एक जैसा नहीं होता। हर मरीज के कैंसर की अपनी अलग विशेषताएँ होती हैं। जांच के जरिए जब हमें कैंसर की खास कमजोरी (म्यूटेशन) का पता चलता है, तो हम उसी पर असर करने वाली दवा चुनते हैं। इससे इलाज ज्यादा असरदार और सुरक्षित होता

अब हम पर्सनलाइज्ड मेडिसिन के दौर में हैं। नई तकनीकों से हम मरीज के कैंसर की पूरी जानकारी लेकर शुरुआत से ही सही इलाज चुन सकते हैं। इससे समय की बचत होती है और मरीज को जल्दी फायदा मिलता है। इसके अलावा, अब कई बार अलग-अलग इलाज को एकसाथ इस्तेमाल किया जाता है जैसे इम्यूनोथेरेपी और कीमोथेरेपी साथ में देकर बेहतर परिणाम हासिल किए जाते हैं। साथ ही, अब सहायक इलाज (सपोर्टिव केयर) भी काफी बेहतर हो गया है, जिससे मरीज इलाज के दौरान भी अपनी जीवन गुणवत्ता बनाए रख पाते हैं।

एक डॉक्टर के रूप में, मेरे लिए संतोषजनक बात यह है कि आज मरीज केवल बीमारी से लड़ ही नहीं रहे, बल्कि बेहतर जीवन भी जी रहे हैं। कैंसर का इलाज अब सिर्फ बीमारी खत्म करने तक सीमित नहीं है, बल्कि मरीज की पूरी देखभाल, उनकी जिंदगी की गुणवत्ता और उनके मनोबल को बनाए रखने भी ध्यान दिया जाता है।

अभी हमें और आगे बढ़ना है, लेकिन यह निश्चित है कि कैंसर के इलाज का भविष्य पहले से कहीं ज्यादा उज्ज्वल है।

Contact Us
+91 74004 15780 | info@precisiononco.in | www.precisiononco.in
Address: Unit No.117, 1st Floor, Inspire Hub by Adani,
Near DN Nagar Metro station, JP Rd, D.N.Nagar,
Andheri West, Mumbai - 400058, Maharashtra

Dr.Bharat Bhosale
precision oncocare